CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:40 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 7:15 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 178 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 7 जनवरी 2025



अक्षय ने कुमार की कास्टिंग की...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### भगदड़ हादसे में घायल बच्चे से मिलने पहुंचे अल्लू

**नई दिल्ली।** अभिनेता अल्लू अर्जुन आज मंगलवार को संध्या थिएटर में मची भगदड़ में घायल आठ वर्षीय बच्चे श्रीतेज का हालचाल लेने पहुंचे। फिल्म पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान 4 दिसंबर को हादसे में श्रीतेज गंभीर रूप से घायल हो गया था, अस्पताल में बच्चे का उपचार चल रहा है। फिल्म पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान 4 दिसंबर 2024 को हैदराबाद के संध्या थिएटर में मची भगदड़ में घायल आठ वर्षीय लड़के की सेहत का हाल जानने आज मंगलवार को अभिनेता अल्लू अर्जुन पहुंचे। अल्लू अर्जुन ने बेगमपेट के केआईएमएस अस्पताल जाकर घायल श्रीतेज का हालचाल लिया और फिर वहां से रवाना हुए। पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान संध्या थिएटर में मची भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी। वहीं, उसका आठ साल का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। अल्लू आज उसकी सेहत का हाल जानने पहुंचे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक अल्लू अर्जुन आज सुबह तेलंगाना के बेगमपेट स्थिति केआईएमएस अस्पताल पहुंचे, जहां श्रीतेज भर्ती है। अल्लू जब अस्पताल पहुंचे तो कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया गया। सामने आई वीडियो में अस्पताल परिसर में भारी सुरक्षा बल तैनात नजर आ रहा है। श्रीतेज की सेहत का हाल जानने के बाद अभिनेता वहां से रवाना हो गए।

### अमित शाह ने लॉन्च किया भारतपोल पोर्टल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतपोल पोर्टल से अंतरराष्ट्रीय डाटा का उपयोग करना आसान होगा। भगोड़े अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी। इंटरपोल का डाटा भी हमारे पास होगा। अपराधियों को ट्रैक करने की व्यवस्था होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देश ने मंगलवार को विभिन्न जांच एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय बनाने के लिए सीबीआई की ओर से विकसित भारतपोल पोर्टल को लॉन्च किया। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह आधुनिक सेवाओं के इस्तेमाल का वक्त है। इसलिए भारतपोल पोर्टल विकसित किया गया है। इससे सुरक्षित भारत बनाने का सपना पूरा होगा।

## उत्तराखंड में एचएमपीवी वायरस की रोकथाम को स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

स्वास्थ्य निदेशालय ने सभी अस्पतालों में संक्रमित मरीजों के लिए उपचार के लिए आइसोलेशन बेड व ऑक्सीजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। वैश्विक स्तर पर तेजी से फैल रहा ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। स्वास्थ्य निदेशालय ने सभी जिलों को रोकथाम व बचाव के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। सभी अस्पतालों में संक्रमित मरीजों के लिए उपचार के लिए आइसोलेशन बेड व ऑक्सीजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। हालांकि,



उत्तराखंड में अभी तक एचएमपीवी का कोई मामला सामने नहीं आया है। प्रभारी स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा ने सभी जिलों के डीएम व सीएमओ को सभी अस्पतालों में इन्फ्लूएंजा व निमोनिया रोगियों के उपचार के लिए आइसोलेशन बेड, वार्ड, आईसीयू बेड, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन की व्यवस्था करने को कहा है इसके अलावा सभी मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, संयुक्त चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाइयों के साथ चिकित्सा उपकरण, डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। चिकित्सालय और समुदाय स्तर पर इन्फ्लूएंजा व सर्दी खांसी, बुखार, निमोनिया से पीड़ित मरीजों को सघन निगरानी की जाएगी।

### बंगलूरू में दो नए केस आए सामने

चीन में तेजी से फैल रहे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण के लक्षण भी कोविड-19 के जैसे ही हैं। भारत के बंगलूरू में सोमवार को दो मामलों की आधिकारिक तौर पर पुष्टि हुई है। जबकि इससे पहले सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को वायरस के बारे में बता दिया था। अधिकारियों को वायरस की प्रकृति, जांच, बचाव की जानकारी भी दी गई थी। हालांकि बिजनौर में अभी इस वायरस का कोई मामला सामने नहीं आया है। मगर स्वास्थ्य विभाग सावधानी बरतने की सलाह दे रहा है। इसी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम को सतर्क रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

### बढ़ सकता है मौत का आंकड़ा, 62 घायल

## तिब्बत में 6.8 तीव्रता वाले भूकंप ने मचाई तबाही, 53 लोगों की मौत

**नई दिल्ली**
एजेंसी

तिब्बत के शिजांग शहर के डिंगरी काउंटी में 6.8 तीव्रता के भूकंप में 53 लोगों की मौत हुई है। 62 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 28.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.45 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। मंगलवार सुबह से ही तिब्बत क्षेत्र के शिजांग में भूकंप झटके महसूस किए जा रहे हैं।

तिब्बत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। इस भीषण भूकंप में 53 से अधिक लोगों की मौत हो गई। जबकि 62 लोग घायल हुए हैं। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार मंगलवार सुबह 9:05 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 6.8 मापी गयी। चीन की सरकारी मीडिया मुताबिक तिब्बत के शिजांग शहर के डिंगरी काउंटी में 6.8 तीव्रता के भूकंप में 53 लोगों की मौत हुई है।

62 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 28.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.45 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। इससे पहले नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि मंगलवार सुबह से ही तिब्बत क्षेत्र के शिजांग में भूकंप झटके महसूस किए जा रहे हैं। यहां सुबह 6:30 बजे 7.1 तीव्रता के साथ 10 किमी गहराई पर भूकंप आया। इसके बाद 7:02 बजे 4.7 तीव्रता, 07:07 बजे 4.9 तीव्रता और 7:13 बजे पांच तीव्रता का भूकंप आया। इसके चलते लोग घरों को छोड़कर खुले स्थानों की ओर चले गए।



### भारत में भी महसूस किए गए झटके

भूकंप के झटके भारत के कई राज्यों में भी महसूस किए गए। इसकी जद में सबसे ज्यादा बिहार आया। इसके अलावा असम, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस दौरान डरे सहमे लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। यूएसजीएस भूकंप के मुताबिक, भूकंप का केंद्र लोबुचे से 93 किमी उत्तर पूर्व में था।

## महिला व उसका पुत्र-पुत्री के अपहरण का मामला, मुकदमा

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

महिला, व उसका पुत्र-पुत्री के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है उसके पति ने अपराहन करता के खिलाफ मुखानी थाना पुलिस को तहरीर सौंप कर पत्नी व बच्चों की सकुशल बरामद की गुहार लगाते हुए अपहरण करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है पुलिस को सौंप तहरीर में सचिन कुमार सिंह पुत्र योगेश्वर राज सिंह आनंदपुरी फेस 3 तल्ली बमोरी मुखानी ने कहा है कि उसका विवाह उत्तर प्रदेश से 2013 में मीनू सिंह हुआ था। महिला से हुआ था जिससे एक पुत्र एक पुत्री ने जन्म लिया। डिलीट में पुलिस को बताया कि 24 दिसंबर 2024 को उसकी मां उसकी पत्नी को छोड़कर मंदिर पूजा करने के लिए गई थी जब वह पूजा करके वापस आई तो उसके घर में ताला लगा था यह देख उसने आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई इससे पता लगा कि उसकी पत्नी व उसके बच्चों को लेकर जयवीर नामक व्यक्ति पहले पुतला कर अपहरण करके ले गया है और इतना ही नहीं उसके घर से 19 लाख बीस हजार रुपए की नगदी सहित स्वर्ण आभूषण ले गया है सचिन ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी के उससे अवैध संबंध है जिस कारण वह उसके साथ सारा सामान लेकर चली गई है जब उसे सचिन अपने पास बुलाने की बात करता तो जयवीर उससे रुपए की बात करता है पुलिस को सचिन ने बताया कि जयवीर अपराधी प्रवृत्ति का आदमी है और उसे जान का खतरा है।

### पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई

**हल्द्वानी।** एक महिला ने अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए गुमशुदगी की तहरीर सौंप कर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया है। सौंपी तहरीर में फतेहपुर निवासी महिला ने कहा है कि उसकी 16 वर्ष की है। उसे कोई अज्ञात व्यक्ति 6 जनवरी की प्रात: करीब 6:50 बजे घर से बहला-फुसला कर ले गया है उस समय घर में सब सो रहे थे महिला ने सौंपी तहरीर में कहा कि उन्होंने अपनी पुत्री के बारे में अपने रिश्तेदारों सहित आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल पाया इतना ही नहीं आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की कव्वाली तो उसमें एक व्यक्ति उसे अपने साथ ले जा रहा है परिजनों को उसकी अनिष्ठ की चिंता सता रही है पुलिस ने गुमशुदगी की दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## नक्सलियों ने जवानों के वाहन पर किया आईईडी ब्लास्ट, नौ जवान हुए बलिदान

**बीजापुर**
एजेंसी

बीजापुर के कुटरु मार्ग में नक्सलियों ने जवानों के वाहन पर आईईडी ब्लास्ट किया है। हादसे में नौ जवान बलिदान हो गए हैं। वहीं कई जवान घायल बताए जा रहे हैं। बीजापुर के कुटरू मार्ग में नक्सलियों ने जवानों के वाहन पर आईईडी ब्लास्ट किया है। हादसे में नौ जवान बलिदान हो गए हैं। वहीं कई जवान घायल बताए जा रहे हैं। वाहन में कुल कितने जवान सवार थे इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि जवान नक्सल ऑपरेशन से वापस लौट रहे थे इस दौरान कुटरु मार्ग में नक्सलियों ने घात लगाकर आईईडी ब्लास्ट किया है। छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सल ऑपरेशन से नक्सली बौखलाए हुए हैं जिसके चलते नक्सलियों ने जवानों को निशाना बनाया है। बस्तर आईजीपी सुंदरराज पी. ने नौ जवानों के बलिदान होने की पुष्टि कर दी है। इस हमले में घायल जवानों को घटनास्थल से निकाला जा रहा है। घटनास्थल पर रेस्क्यू जारी है। पिकअप में डीआरजी के कई जवान सवार थे। बताया जा रहा है कि लगभग तीन किलो का आईईडी विस्फोटक था जिससे वाहन के परखच्चे उड़ गए। मिली जानकारी के मुताबिक जवान पंखाजूर में नक्सल ऑपरेशन को अंजाम देने के बाद वहां से वापस लौट रहे थे। घायल जवानों और बलिदान हुए जवानों की संख्या बढ़ भी सकती है। पखांजूर ऑपरेशन में रविवार को पांच नक्सलियों को ढेर कर दिया था।

## ठंड का कहर जारी, कई राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट

**नई दिल्ली**
एजेंसी

पश्चिम हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में चोटियों पर भारी हिमपात हुआ है। सर्द हवाओं का असर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार और दिल्ली में देखने को मिल रहा है।

उत्तर भारत समेत देश के कई राज्यों में ठंड का कहर जारी है। मंगलवार को तेज सर्द हवाओं ने दिल्ली एनसीआर समेत कई राज्यों में ठिठुरन बढ़ा दी है। पश्चिम हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में चोटियों पर भारी हिमपात हुआ है। इससे, इन राज्यों के साथ ही आसपास के अन्य मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ गई है। फिलहाल कोहरे से राहत मिली हुई है, हालांकि कई ट्रेनें अब भी देरी से चल रही हैं। वहीं दिल्लीवासी तेज हवाओं का सामना करेंगे। आज दिल्ली का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा। वीकेंड पर बारिश की आशंका जताई गई है। पश्चिम विक्षोभ और पूर्वी हवाओं के संपर्क में आने से 10-12 जनवरी के बीच उत्तर पश्चिम भारत में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री तक गिरावट भी आ सकती है। वहीं, पंजाब में अगले तीन दिन धुंध को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बीते 24 घंटों के दौरान कड़ाके की ठंड महसूस की गई। मंगलवार को पंजाब में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं 10 जनवरी को पंजाब में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके असर से तीन दिन पंजाब में कुछ जगहों पर बारिश की संभावना जताई गई है। पंजाब के तापमान में सोमवार को 0.4 डिग्री की कमी दर्ज है। जम्मू-कश्मीर बीते 24 घंटे के दौरान भारी हिमपात हुआ। इसके बाद रात के पारे में वृद्धि दर्ज की गई। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.5 डिग्री नीचे दर्ज किया गया जो एक दिन पहले शून्य से 2.5 डिग्री नीचे था। गुलमर्ग में पिछली रात के बराबर ही माइनस 4.5 डिग्री पर पारा बना रहा। हिमाचल प्रदेश के डोडरा क्वार, कुफरी, रोहतांग में बर्फबारी हुई और शिमला में बारिश और टुटू में ओले पड़े।

# कुमाऊं आयुक्त ने ली चोरगलिया बाईपास की जानकारी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सिंचाई विभाग ने आपदा के कारण गौला नदी से क्षतिग्रस्त चोरगलिया बाईपास मोटरमार्ग में सुरक्षा हेतु 29 करोड़ 32 लाख का प्रस्ताव तैयार किया है। मंगलवार को हल्द्वानी कैंप में आयुक्त दीपक रावत ने प्रस्तावित योजना की पीपीटी से जानकारी ली।

सिंचाई विभाग के मुख्य अभियन्ता संजय शुक्ला ने बताया कि प्रस्तावित योजना की विभागीय स्तर पर राज्य स्तरीय टी ए सी स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित योजना में पुल के अपस्ट्रीम के 232 मीटर में सिंचाई विभाग सुरक्षा का कार्य करेगा। इसके अंतर्गत 14.5 मीटर में रिटेनिंग वाल, 13 सुरक्षा ढांचा और एक स्पर बनेगा। नदी में एक स्पर बनेगा जो पानी और मलबे को बीच में लाने का कार्य करेगा। इसके साथ ही अतिरिक्त सुरक्षा के लिए 02 लॉन्चिंग एप्रेन बनेंगे जो पानी का बहाव ज्यादा होने पर सुरक्षा प्रदान देंगे। शियर-की नदी के अंदर एंकर का कार्य करेगा जिससे संरचना खिसकेगी नहीं। बैठक में ईई दिनेश सिंह रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### भाजपा ने मोहित रौतेला को चुनाव संयोजक नियुक्त किया



**नैनीताल ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति के पश्चात भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से डॉ. मोहित सिंह रौतेला को नगर निकाय चुनाव- 2025 हेतु नैनीताल नगर पालिका का संयोजक नियुक्त किया गया है। दूसरी ओर डा.रौतेला ने दायित्व मिलने पर प्रदेश नेतृत्व का विशेष आभार व्यक्त करते दावा किया है कि नैनीताल नगर पालिका में प्रथम बार युवाओं के दम पर भाजपा का चेयरमैन बनाया जाएगा और नैनीताल नगर पालिका के इतिहास को बदलते हुए कमल के चिन्ह को सुशोभित किया जाएगा। डॉ. रौतेला को संयोजक बनाए जाने पर सांसद अजय भट्ट,विधायक सरिता आर्या,मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट समेत भानु पंत,चेयरमैन प्रत्याशी जीवंती भट्ट,अरविंद पडियार,आयुष भंडारी,दया किशन पोखरिया,मनोज जोशी,विक्रम राठौर,प्रकाश नौटियाल,नितिन कार्की,भूपेंद्र बिष्ट,आशु उपाध्याय, सागर आर्या,बिमला अधिकारी,प्रेमा अधिकारी,दीपिका बिनवाल,रीना मेहरा,ज्योति ढौडियाल,कमलेश ढौडियाल,डा.भुवन चंद्र आर्य समेत मंडल कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### 85वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन



**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन सोमवार को 185वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में सोमवार को पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने मानसरोवर यात्री वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपणआंदोलन जारी रहेगा। गुरु रानी ने कहा कि निगम के कर्मचारियों के द्वारा पौधों की देख.रेख भी की जा रही है। पौधारोपण कार्यक्रम में हंसी बिष्ट, पदम सिंह, शेर सिंह, शोभा राम, महेश कुमार, नरेंद्र थापा, दीपक रावल, राजेंद्र रावल, विजय बोरा, वेद प्रकाश तथा सौरभ खोलिया सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

### राहगीर को पर्यटक वाहन ने टक्कर मारी, गंभीर



**नैनीताल ।** नगर के माल रोड में किनारे खड़े राहगीर को पर्यटक वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे राहगीर दूर छिटक कर बुरी तरह जख्मी हो गया,बाद में उसे राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक पॉलीटेक्निक मल्लीताल निवासी सुरेश कुमार (53) सोमवार दोपहर तल्लीताल जा रहे थे। मालरोड में अनामिका होटल के समीप वह सडक किनारे खड़े थे कि पीछे से आ रहे पर्यटक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह छिटक कर दूर जा गिरे। हादसा होता देख तमाम राहगीरों व वाहन सवार पर्यटकों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। पीएमएस डाण् टीके टम्टा ने बताया कि मरीज के सिर पर अंदरुनी चोट होने के कारण उसकी नाक से रक्तस्राव हो रहा था। जिस कारण उसे जांच के लिए हल्द्वानी रेफर कर दिया गया।

### प्रत्याशी डा.सरस्वती खेतवाल ने की मतदान की अपील

**नैनीताल ।** कांग्रेस पार्टी की पालिकाध्यक्ष पद की प्रत्याशी डा.सरस्वती खेतवाल ने सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नगर के मल्लीताल स्थित बंगाली कॉलोनी, बारापत्थर, चर्च कंपाउंड, सूखाताल तथा विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन आदि क्षेत्र में प्रचार किया तथा मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की गुजारिश की। इस दौरान नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. भावना भट्ट समेत वरिष्ठ नेत्री मुन्नी तिवारी, कमला कुंजवाल, लता तरुण, सुनीता आर्य, गीता मंडल, लीला जोशी, चंपा सनवाल, आशा भट्ट तथा भुवन बिष्ट व साकेत तथा संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### जीवंती भट्ट ने भ्रमण कर मतदान करने की गुजारिश की



**नैनीताल ।** भारतीय जनता पार्टी की पालिकाध्यक्ष प्रत्याशी जीवंती भट्ट ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार को एटीआई, प्रसादा भवन,फ रैस्ट कंपाउंड,बलरामपुर आउट हाउस, मून होटल परिसर तथा सूखाताल वार्ड आदि क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की गुजारिश की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट समेत विक्रम सिंह रावत,भारती साह,दया किशन पोखरिया, नव नियुक्त निकाय चुनाव संयोजक डा.मोहित सिंह रौतेला समेत शैलेंद्र सिंह बरगली,आशीष बजाज, पूरन मेहरा, भूपेंद्र बिष्ट,मंजू रौतेला,रीना मेहरा,प्रभा पुंडीर, कलावती असवाल, प्रेमा अधिकारी, ज्योति ढौंडियाल, तारा बोरा,दीपिका बिनवाल,सीमा साह,राधा खोलिया,लाल सिंह बिष्ट,लता दफ़ौटी,हेम लता पांडे,अमिता साह,नीमा,विनिता पांडे, डॉ. भुवन चंद्र आर्य,रोहित भाटिया,मनोज कुमार,विक्रम राठौर,ललित ढैला तथा रचित तिवारी व हिमांशु उपाध्याय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# वन दरोगा के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह

नैनीताल

हमारे संवाददाता

प्राणी उद्यान नैनीताल में वन दरोगा के पद पर तैनात पुष्कर सिंह मेहरा के सेवानिवृत होने पर प्राणी उद्यान के अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी। इस मौके पर सभी ने मेहरा के कार्यकाल की भूरि-भूरि सराहना की। प्राणी उद्यान प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक वन दरोगा पुष्कर सिंह मेहरा ने 31 दिसम्बर 2024 को अधिवर्षता आयु पूर्ण हो गई थी। मेहरा का सेवाकाल 21 वर्ष 3 माह का रहा। इस अवसर पर प्रमोद चन्द्र तिवारी वन क्षेत्राधिकारी,महेश सिंह बोरा वन दरोगा, नितिन मुकेश वन आरक्षी, आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट, अनुज काण्डपाल बायोलॉजिस्ट, विक्रम सिंह मेहरा फार्मासिस्ट एवं प्राणी उद्यान के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार के निकायों के अध्यक्ष पद को आरक्षण प्रक्रिया असंवैधानिकः कोर्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा निकाय व पंचायत चुनाव कराने के लिए वर्ष 2024 की आरक्षण नियमावली को चुनौती देती अलग अलग याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने राज्य सरकार व याचिकाकर्ताओं का पक्ष सुनने के बाद सुनवाई मंगलवार (आज) भी जारी रखी है।

बता दें कि सोमवार को सुनवाई पर याचिकर्ताओं की तरफ से कहा कि राज्य सरकार ने नियमों को ताक पर आरक्षण की अधिसूचना जारी की। जिस दिन अधिसूचना जारी की उसी दिन शाम को चुनाव प्रोग्राम भी घोषित कर दिया गया। उनको इस पर आपत्ति जाहिर करने का मौका तक नहीं दिया।

नियमों के तहत आरक्षण घोषित होने के बाद उनको अपनी आपत्ति जाहिर करने का सात दिन का समय दिया जाता है लेकिन कराने का प्रोग्राम सहित राज्य चुनाव आयोग से 48 घण्टे के भीतर याचिकाओं में लगाये गए आरोपो पर अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। अब मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी (आज) को होगी।

बता दें कि सोमवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि निकाय चुनाव में आरक्षण नियमों को ताक पर रखकर तय किया है। जैसे कि अल्मोड़ा नगर पालिका में आरक्षण जनरल शीट होनी थी वहां रिजर्व कर दी एजहां जहां रिजर्व होनी थी उसे जनरल कर दी। आरक्षण नियमावली के मुताबिक तभी निकायों में आरक्षण दिया जाएगा जब उनकी संख्या 10 हजार से ऊपर हो यहां उसका अनुपालन नहीं किया। मामले के अनुसार उच्च न्यायालय में इस मामले पर कई याचिकाएं दायर कर कहा है कि राज्य सरकार की ओर से निकायों के अध्यक्ष पदों के लिये जो आरक्षण प्रक्रिया अपनायी गयी वह असंवैधानिक और कानूनी प्रावधानों के विपरीत है जबकि राज्य सरकार ने आरक्षण जनसंख्या और रोटेशन के आधार पर सुनिश्चित नहीं किया गया है जबकि सभी नगर पालिकाओं को आधार बनाकर आरक्षण तय किया जाना चाहिए था इसलिए निकायों का फिर से आरक्षण तय हो।

# नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कोर्ट ने बागेश्वर में खड़िया के खनन पर लगाई रोक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले की तहसील कांडा के कई ग्रामों में खड़िया खनन से आई दरारों के मामले में कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व वरिष्ठ न्यायमूर्ती मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ ने मामले को अति गम्भीर पाते हुए कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट का आकलन करके 9 जनवरी (गुरुवार) को निदेशक खनन व सचिव औद्योगिक को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होकर स्थिति से अवगत कराने के आदेश दिए हैं साथ में कोर्ट ने पूरे बागेश्वर में खड़िया के खनन पर रोक लगा दी है।

कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट के मुताबिक खड़िया खनन करने वालों ने वनभूमि के साथ साथ सरकारी भूमि में भी नियम विरुद्ध जाकर खनन किया हुआ है। पहाड़ी दरकने लगी है। खभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसकी कई फोटोग्राफ व वीडियो रिपोर्ट में पेश की गई है। अब मामले की अगली सुनवाई 9 जनवरी (गुरुवार) को होगी। पिछली तिथि को कोर्ट ने गाँव वालों की समस्या को जानने के लिए दो न्यायमित्र नियुक्त करते हुए उनसे अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था। साथ मे खण्डपीठ ने डीएफओ बागेश्वर, स्टेट लेबिल की पर्यावरण सुरक्षा अथॉरिटी एजिला खनन अधिकारी को पक्षकार बनाते हुए अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा था। ग्रामीणों ने अपने प्रार्थना पत्र में एक समाचार पत्र से हुई वार्ता में कहा था कि उनकी बात न तो डीएम सुन रहा न ही सीएम न ही प्रशासन। कब से ग्रामीण वासी उन्हें विस्थापित करने की मांग कर रहे हैं जिनके पास साधन थे वे हल्द्वानी बस गए लेकिन गरीब गाँव में ही रह गए। अवैध खड़िया खनन करने से गांवों तथा मंदिर तथा पहाड़ियों पर बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं। वर्षात होने पर इनमें पानी भरने से कभी भी भू स्खलन हो सकता है।

### स्कूटी सवार युवक ने बच्ची को मारी टक्कर, घायल

**नैनीताल ।** नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद की यूकेडी प्रत्याशी लीला बोरा व एक छोटी बच्ची उनके साथ मल्लीताल क्षेत्र से प्रचार कर लौट रही थी कि तल्लीताल रिक्शा स्टैंड के पास मल्लीताल से तेज रफ्तार में आ रहे स्कूटी सवार युवक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही लीला बोरा जमीन पर गिर गई और स्कूटी तेज होने के कारण टक्कर लगते ही स्कूटी का मुंह मल्लीताल की ओर हो गया। बता दें कि शाम 6 बजे मल्लीताल की ओर से आ रही स्कूटी संख्या यूके 04 एएन 1310 ने पैदल आ रही यूकेडी की पालिकाध्यक्ष प्रत्याशी लीला बोरा व साथ में एक बच्ची थी। स्कूटी सवार ने पीछे से लीला बोरा को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही लीला बोरा घायल हो गई। घटनास्थल पर भीड़ लग गई और स्कूटी सवार की चाबी कब्जे में ले ली। घायल लीला बोरा को निजी कार से टोल कर्मियों द्वारा बीडी पांडे अस्पताल ले जाया गया,वर्तमान में उनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# अभिमत



## राजनीतिक पतन

***बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का सही मायने में सम्मान तो यह होगा कि उनके बनाये संविधान का राजनेता के साथ ही देश का हर व्यक्ति सम्मान करे और कोई भी असंवैधानिक कार्य जाने-अंजाने न करे। बाबा साहेब आंबेडकर ने जिन दलितों के हित सुरक्षित करने और उनके उत्थान का प्रावधान संविधान में किया है, वह दलित तथा समाज का कमजोर वर्ग भी बाबा साहेब के विचारों का अनुसरण करके उन्नति करना नहीं चाहता है, सिर्फ बाबा साहेब के नाम और प्रतिमा का दुरुपयोग कर रहा है। मोहल्लों का नामकरण महापुरुषों के नाम पर करके स्वार्थ सिद्ध करने की परम्परा दशकों से चली आ रही है।***

समाज के हर क्षेत्र में मूल्यों का ह्रास देखने को मिल रहा है। समाज को दिशा देने वालों से लोगों को नई पहल की उम्मीद होती है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए राष्ट्रहित एवं जनहित सर्वोपरि होना चाहिए, लेकिन राजनीतिक क्षेत्र में सर्वाधिक पतन देखा जा रहा है। दलगत व व्यक्तिगत हित के लिए अधिकतर नेता कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। महापुरुषों के नाम का इस्तेमाल करने तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि उनके अपमान की परवाह भी नहीं करते हैं। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर अमर्यादित टिप्पणियां की जाती रही हैं, अब संसद से लेकर सड़क तक सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच घमासान होना बेहद अफसोस की बात है। हमें किसी का पक्ष लेने से सरोकार नहीं है। इस मामले को तूल नहीं देना चाहिए। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष सिर्फ बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल करता है। विपक्ष ने गृहमंत्री शाह पर बाबा साहेब के अपमान का आरोप लगाकर विरोध किया। कड़वा सच यह है कि बाबा साहेब आंबेडकर के अलावा अन्य महापुरुषों के नाम का भी राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। महापुरुषों के आदर्शों पर अमल बिरले लोग ही कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के एक नेता ने कुछ वर्ष पूर्व भू-माफिया तक कह दिया था। दरअसल देशभर में चौराहे के साथ ही अनेक जगह महापुरुषों के नाम पर पार्क बने हैं। महापुरुषों की प्रतिमा लगी हैं। सरकारी जमीन पर रातों-रात कब्जा करके महापुरुष की प्रतिमा लगा दी जाती है। प्रशासन उस भूमि को अतिक्रमण से मुक्त नहीं करा पाता है। इसी लिए महापुरुष को भू-माफिया कह दिया गया। इस तरह के शब्दों को सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का सही मायने में सम्मान तो यह होगा कि उनके बनाये संविधान का राजनेता के साथ ही देश का हर व्यक्ति सम्मान करे और कोई भी असंवैधानिक कार्य जाने-अंजाने न करे। बाबा साहेब आंबेडकर ने जिन दलितों के हित सुरक्षित करने और उनके उत्थान का प्रावधान संविधान में किया है, वह दलित तथा समाज का कमजोर वर्ग भी बाबा साहेब के विचारों का अनुसरण करके उन्नति करना नहीं चाहता है, सिर्फ बाबा साहेब के नाम और प्रतिमा का दुरुपयोग कर रहा है। मोहल्लों का नामकरण महापुरुषों के नाम पर करके स्वार्थ सिद्ध करने की परम्परा दशकों से चली आ रही है। बिना कुछ किये पुरस्कार लेने के लिए महापुरुषों के नाम से संस्था बना लेते हैं। स्वयंभू संस्थापक बनकर महापुरुष के नाम से पुरस्कार लेकर सम्मानित हो जाते हैं। चुनाव में महापुरुषों के नाम का इस्तेमाल जाति विशेष के वोट के लिए भी किया जाता है।

# गोल्फ में बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




मिनी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं तमिलनाडु मिनी गोल्फ संगठन के तत्वावधान में दिनांक 28 दिसंबर 2024 से 3 जनवरी 2025 तक सेलम (तमिलनाडु) में आयोजित दसवीं जूनियर तथा सब जूनियर महिला एवं पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अंडर-19 एवं अंडर- 14 बालक/बालिका वर्ग के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया।

मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष/ उत्तराखंड हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट डी.के. शर्मा ने बताया उत्तराखंड की टीम ने जूनियर तथा सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया, साथ ही खेल की अच्छी प्रतिभा खिलाडियों के द्वारा देखने को मिली। डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा एवं मिनी गोल्ड फैशन के उत्तराखंड के सचिव डॉ. राहुल चंद्र ने बताया सब जूनियर बालक वर्ग टीम में सिंगल इवेंट में रजत पदक तथा डबल्स इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया। कहा कि जूनियर बालक वर्ग की टीम में टीम इवेंट में स्वर्ण पदक तथा डबल्स इवेंट में रजत पदक तथा मिक्स्ड डबल्स इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया वहीं जूनियर बालिका वर्ग टीम में टीम इवेंट में स्वर्ण पदक तथा डबल्स इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया।

सचिव डॉ राहुल चंद्र ने बताया कि उत्तराखंड के जूनियर वर्ग की बालक एवं बालिका टीम ने दसवीं राष्ट्रीय मिनी गोल्फ सब जूनियर एवं जूनियर चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम में पंतनगर विश्विद्यालय,डॉन बोस्को हल्द्वानी तथा वुडब्रिज हल्द्वानी, भारतीयम इंटरनेशनल रुद्रपुर, होली चाइल्ड रुद्रपुर तथा आरएएन स्कूल रुद्रपुर एवं रेनबो पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के विद्यालयों के जूनियर बालक एवं बालिका के 17 खिलाड़ियों ने तथा सब जूनियर के बालक वर्ग के 03 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। टीम में एस सिंह एवं आर.सी. लोहनी टीम मैनेजर तथा जया पांडे,योगेश पांडे तथा चेतन भट्ट टीम प्रशिक्षक रहे। खिलाडियों की उपलब्धि पर मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा अन्य खेल प्रेमियों एवं संगठनों द्वारा टीम के खिलाडियों एवं टीम मैनेजर कोच को बधाइयां देकर शुभकामनायें दी। डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि उतराखंड टीम को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 12 गोल्ड मेडल तथा 7 सिल्वर मेडल और 02 ब्रोंज मेडल प्राप्त हुए। कहा कि उत्तराखंड में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों में मिनी गोल्फ के न शामिल होने पर खिलाडियों में बहुत निराशा है।

## घोड़ा संचालकों व टैक्सी चालकों के बीच मारपीट

**नैनीताल** । नगर के बारापत्थर क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर घोड़ा संचालकों व टैक्सी चालकों के बीच मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच किसी तरह मामला शांत करवाया। मारपीट में चोटिल टैक्सी चालक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जिस पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कालाढूंगी निवासी अशद ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह टैक्सी चलाने का काम करता है। रविवार शाम उसका एक घोड़ा संचालक से विवाद हो गया था। रात को कुछ लोगों ने बीच बचाव कर किसी तरह मामला शांत कर दिया। मगर सोमवार सुबह जब वह अपना वाहन लेकर बारापत्थर पहुंचा तो वहां एकत्रित कुछ युवकों ने उसे घेरकर मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने पहुंच कर किसी तरह उसकी जान बचाई।

# छात्रों के लिए शीतकालीन शिविर का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर के पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए शीतकालीन शिविर का शुभारंभ किया गया।

बता दें कि इस शिविर का मुख्य मकसद छात्रों के शैक्षिक उन्नयन को प्रोत्साहित करनाए बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करवाना और उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के साथ समाज में उन्हें आदर्श प्रेरणा के रूप में स्थापित करना है। इस विशेष शीतकालीन शिविर में विद्यालय के अनुभवी आचार्यों के साथ.साथ विषय विशेषज्ञों, मोटिवेशनल स्पीकर्स और समाज के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों को आमंत्रित किया गया है। इनका उद्देश्य छात्रों को प्रेरित करना और उनकी बोर्ड परीक्षा की तैयारी को सही दिशा प्रदान करना है। वंदना सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 सूर्य प्रकाश ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत ही सफलता का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को सकारात्मक सोच और दृढ संकल्प के साथ अपनी तैयारी जारी रखने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य ने क हा कि इस शिविर के माध्यम से छात्रों को ऐसा वातावरण प्रदान किया जा रहा हैए जो उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा। छात्रों को ये भी प्रेरणा दी की आपस में सयुक्त रूप से अध्ययन करें तो और भी श्रेष्ठ होगा। शिविर की दिनचर्या को इस प्रकार तैयार किया गया है कि यह छात्रों के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक और प्राणिक विकास को सुनिश्चित कर सके। यह शिविर न केवल उनकी परीक्षाओं के दृष्टिकोण से बल्कि उनके समग्र व्यक्तित्व निर्माण के लिए भी अत्यंत मूल्यवान सिद्ध होगा।इस मौके पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य व उतर प्रदेश लोक सेवा चयन आयोग के पूर्व सदस्य एवं वर्तमान में विद्याभारती राष्ट्रीय मंत्री डॉ0 किशनवीर शाक्य ने छात्रों को अंग्रेजी विषय का अध्ययन कर उन्हें वोर्ड परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लिए मार्गदर्शन भी दिया।

# फिल्मी दुनिया

## अक्षय ने कुमार की कास्टिंग की दी थी सलाह, इरफान ने एयरलिफ्ट से किया इनकार



*अक्षय कुमार से पहले एयरलिफ्ट के लिए इरफान खान से निर्देशकों ने बात की थी। हालांकि, उन्होंने ये फिल्म करने से इनकार कर दिया था और अक्षय के साथ फिल्म करने की सलाह दी थी। साल 2016 में आयी फिल्म एयरलिफ्ट को फैंस ने बहुत पसंद किया। फिल्म को लेकर इरफान खान ने निखिल आडवाणी से कुछ बातें कीं। निखिल आडवाणी ने इरफान खान को लेकर कहा कि वे इस फिल्म में इरफान खान को कास्ट करना चाहते थे, हालांकि इरफान खान ने ही उन्हें अक्षय के साथ फिल्म करने की राय दी। इरफान खान का मानना था कि अगर वे अक्षय कुमार के साथ फिल्म करेंगे तो उन्हें बड़ा बजट मिल सकता था।*

*गलाटा प्लस से बातचीत में निखिल ने बताया कि एयरलिफ्ट निर्देशक राजा मेनन इरफान खान को कास्ट करना चाहते थे। उन्होंने इरफान खान के साथ मीटिंग की। इस पर इरफान खान ने कहा, बॉस मेरे साथ मत करो ये पिक्चर। यह एक शानदार फिल्म है लेकिन मेरे साथ मत करो क्योंकि तुम्हें बजट नहीं मिलेगा। अक्षय के पास जाओ। तुम अक्षय को जानते हो। अगस्त 1990 में कुवैत पर इराक के आक्रमण की घटना पर आधारित थी। अक्षय कुमार ने इसमें एक बिजनेसमैन की भूमिका निभाई, जो 1,70,000 से अधिक देशवासियों के लिए काम कर रहे थे।*

### अक्षय ने कर दिया था इनकार

*एयरलिफ्ट के बारे में सुनने के बाद अक्षय ने राजा के साथ बहुत सारी वर्कशॉप में काम किया। निखिल ने बताया, मैं अक्षय के पास गया, उन्होंने फिल्म को बकवास बताया। इसके बाद मैंने उनसे एयरलिफ्ट को लेकर बात की और बताया कि इरफान ने इस फिल्म को करने से मना कर दिया है। इस पर अक्षय ने कहा कि तो आप मेरे पास क्यों आए हैं। मैंने उनसे कहा, आप इसे नहीं कर सकते हैं क्योंकि ये बहुत सीरियस फिल्म है, आपको इसकी लाइनें भी याद करनी होंगी। इसके बाद राजा मेनन ने बहुत सारी वर्कशॉप की। मैंने कहा कि राजा आपके साथ काम नहीं करना चाहते, इसके बाद भी अक्षय ने ये फिल्म की।*

# पुनर्वास केंद्रों में विशेषज्ञ स्टॉफ की तैनाती मामले पर सुनवाई नौ को

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड के जिलों में स्थापित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों में विशेषज्ञ स्टॉफ की तैनाती की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ ने सचिव स्वास्थ्य, सचिव समाज कल्याण व कमिश्नर दिव्यांगजन को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 9 जनवरी (गुरुवार) को पेश होने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 9 जनवरी (गुरू वार) को होगी। बता दें कि पिछली तिथि को कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार से एक हफ्ते के भीतर स्थिति स्पष्ट करने को कहा था। सोमवार को राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि 13 जिलों में सेंटर तो बनाये गए है परन्तु टिहरी जिले में सारी सुविधाएं उपलब्ध है बाकि 12 जिलों सेंटर तो बने हैं परन्तु स्टाफ व अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया कि टिहरी में पूरी सुविधाएं उपलब्ध होने के कारण उसी को ही केंद्र की योजनाओं का लाभ मिल रहा है बाकि जिलों में सुविधाएं उपलब्ध नही होने के कारण वे केंद्र की योजनाओं से वंचित हो रहे हैं। जिसपर कोर्ट ने सचिव सचिव स्वास्थ्य सहित अन्य को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने को कहा है। मामले के अनुसार मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की संस्था प्रोशनी की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि केंद्र सरकार के फंड से जिलों में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र खोले गए हैं । इन केंद्रों में अलग अलग श्रेणी के दिव्यांगजनों की मदद के लिये विशेषज्ञ स्टॉफ की नियुक्ति व अन्य ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध करानी होती हैं । जिसका समस्त खर्चा केंद्र सरकार वहन करती है । किंतु टिहरी जिले को छोडक़र अन्य जिलों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है जिस कारण इस अति जरुरी सुविधा के लाभ से दिव्यांगजन वंचित हैं ।

News कॉर्नर

## कांग्रेस कमेटी ने संयोजक, 32 सदस्यीय समिति व प्रभारियों का गठन किया



**नैनीताल ।** कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल की संस्तुति के बाद नैनीताल में नगर पालिका परिषद के लिए चुनाव संचालन समिति के संयोजक व 32 सदस्यीय समिति एवं मल्लीताल व तल्लीताल कार्यालय के लिए प्रभारियों का गठन सोमवार को कर दिया है। बता दें समिति में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कबडवाल को संयोजक नियुक्त किया गया है।

## स्पा सेंटरों में औचक निरीक्षण

**हल्द्वानी।** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हल्द्वानी क्षेत्र में विभिन्न स्पा सेंटरों पर औचक निरीक्षण कर कड़ी कार्रवाई की। जिनमें अनियमित्ता मिलने पर चालानी कार्रवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर उ.नि. मन्जू ज्याला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हल्द्वानी और काठगोदाम क्षेत्र के कई स्पा सेंटरों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्पा सेंटरों में ग्राहक के विजिटर रजिस्टर में पूरा विवरण अंकित नहीं किया गया और ग्राहकों की आईडी का सत्यापन नहीं किया गया और कर्मचारियों का सत्यापन भी नहीं हुआ। इन अनियमितताओं के चलते इन तीनों स्पा सेंटरों पर 10,000 का जुर्माना लगाया गया और धारा 52(3)83 पुलिस एक्ट के तहत चालान किए गए। इसके अलावा एक अन्य स्पा सेंटर में कर्मचारियों का सत्यापन नहीं किया गया। इतना ही नहीं कर्मचारियों के पास मसाज सर्टिफिकेट नहीं थे और विजिटर रजिस्टर में ग्राहकों का पूरा विवरण अंकित नहीं किया गया। इन कारणों से इस सेंटर पर भी ?10,000 का जुर्माना लगाया गया और धारा 52(3)83 पुलिस एक्ट के तहत कोर्ट चालान किया गया।

# पूर्व सासंद प्रदीप टम्टा और विधायक सुमित हृदयेश ने जनता में भरा जोश

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर निगम चुनाव में कांग्रेस का प्रचार प्रसार जोरो शोरों से चल रहा है। कांग्रेस मेयर पद के दावेदार और उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी ललित जोशी का जनसंपर्क अभियान शहरवासियों के दिलों में अपनी खास जगह बना रहा है। आज बीजेपी की कार्यशैली से खफा होकर उमेश बधानी ने कांग्रेस में शामिल होकर कांग्रेस प्रत्याशी ललित जोशी के पक्ष में वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्षों की सेवा करने के बाद भाजपा ने जैसी चाल उनके साथ चली। जिसे वह बया नहीं कर सकते। बधानी ने कहा कि कांग्रेस हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। इसलिए आज वह कांग्रेस में शामिल हुए है।



ललित जोशी ने अपने समर्थकों के साथ पीलीकोठी चौराहे से वार्ड 50 और 51 के क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस दौरान अतुल अन्नू विहार कॉलोनी में एक अनोखा दृश्य देखने को मिला। एक बुजुर्ग महिला ने जैसे ही ललित जोशी को देखा, वह तुरंत घर के अंदर गईं और पूजा की थाली व शंख घंटी लेकर आईं। उन्होंने भावुक होकर ललित जोशी की आरती उतारी और उन्हें अपने घर आने का अनुरोध किया।

महिला ने कहा कि वह जानती हैं कि ललित जोशी भगवान श्रीराम, वीर बजरंगबली, और बाबा नीम करौली महाराज के अनन्य भक्त हैं। उन्होंने ललित जोशी से घर में आकर जयकारा लगाने की अपील की। इस आत्मीयता से भावुक ललित जोशी ने महिला के चरण छूए, उनके आग्रह को स्वीकार किया और जय श्रीराम का जयकारा लगाकर आगे बढ़े। इसके बाद उन्होंने कॉलोनी के अन्य घरों में भी लोगों से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। पीलीकोठी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि हल्द्वानी के हर क्षेत्र में ललित जोशी के जनसंपर्क को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। जहां-जहां वह जा रहे हैं, लोग उनका गर्मजोशी से स्वागत कर रहे हैं। लोग उनके 32 साल के जनसंघर्ष को याद कर रहे हैं और भरोसा जता रहे हैं कि आने वाली 23 जनवरी को वे अपना समर्थन वोट के रूप में देंगे। ललित जोशी ने कहा कि मैं सनातनी हिंदू हूं मैं जन्म से हिंदू हूं मेरे को किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है, जो लोग जाति और धर्म की राजनीति कर रहे हैं। मैंने सुंदरकांड कार्यक्रम कराया ये मेरे परिवार के संस्कार है, जो मुझे अपने पूर्वजों से मिले है। आज हर वर्ग मेरे साथ है। जाति धर्म से बाहर निकलकर मतदाता इसका जवाब देंगे।

ललित जोशी की दावेदारी ने हल्द्वानी के नागरिकों के दिलों में एक नई उम्मीद जगा दी है। लोग मानते हैं कि पिछले 10 वर्षों में जिन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया, वह ललित जोशी के नेतृत्व में संभव हो सकता है। जनसंपर्क में विधायक सुमित हृदयेश , पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा जी, नगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला दत्त भट्ट, योगेश जोशी, हेमंत बगड़वाल जी, केदार पलड़िया, खजान पांडेय,एन बी गुणवंत, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक शाह, कैलाश शाह, संजय बिष्ट, हिमांशु जोशी, संदीप बिनवाल समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवक से ठगों ने की लाखों की ठगी, कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एक युवक से ठगों ने लाखों की ठगी कर ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में मयूर विहार, धानमिल निवासी रविशंकर ने बताया कि 19 दिसंबर को उसके व्हाट्सएप अकाउंट पर एक एसएमएस आया। जिसमें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा कमाई का तरीका बताया गया था। इस पर वह लालच में आ गया और 23 दिसंबर को उसने ऑनलाइन काम करना शुरू किया। पहले छोटे पैमाने पर काम शुरू करने के बाद उसने 50,000 रुपये का निवेश किया और उसे 75,000 रुपये प्राप्त हुए। रविशंकर ने बताया कि इसके बाद उसे एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। जिसमें 70 लोग जुड़े थे। लोग रोज़ काम कर रहे थे और उन्हें पैसे मिल रहे थे। इस सब को देखते हुए रविशंकर ने और अधिक पैसे लगाने का निर्णय लिया।



25 दिसंबर को उसने 2 लाख रुपये, 26 दिसंबर को 3 लाख रुपये और 28 दिसंबर को 2.22 लाख रुपये भेजे। इसके अलावा, 29 दिसंबर को भी उसने 2.22 लाख रुपये एक अन्य खाते में भेजे। कुल मिलाकर रविशंकर ने 9,45,187 रुपये भेजे, लेकिन अब तक उसे कोई रिटर्न नहीं मिला। इस पर उसे ठगे जाने का आभास हुआ। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 144 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ एक दबोचा

**हल्द्वानी।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 144 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसे आबकारी अधिनियम में निरूद्ध किया गया है। भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी एसआई देवेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शराब की तस्करी और बिक्री की सूचना के बाद संजय कॉलोनी क्षेत्र में छापेमारी की। जहां पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को भागते हुए देखा और शक होने पर उसे दबोच लिया। आरोपी ने बताया कि वह शराब बेचने के लिए झाड़ियों में छुपा कर लाया था। पुलिस ने झाड़ियों से 3 पेटियां देशी शराब बरामद कीं। आरोपी की पहचान राहुल आर्या निवासी वार्ड 12 राजपुरा के रूप में की गई है। पुलिस ने उसके खिलाफ राहुल आर्या के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

# मां नयना देवी मंदिर के श्रद्धालुओं के लिए नई सौगात भव्य गेट का निर्माण होगा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में श्री मां नयना देवी मंदिर के श्रद्धालुओं के लिए एक नई सौगात मिलने जा रही है। पंत पार्क में भव्य गेट का निर्माण किया जाएगा जो मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

यह गेट 30 फीट लंबा और 10 फीट चौड़ा होगा जो न केवल मंदिर की महिमा को बढ़ाएगा बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। बता दें कि लोनिवि की ओर से गेट के निर्माण के लिए आवश्यक मार्किंग की प्रक्रिया पूरी करने के बाद विम कॉलम का निर्माण कार्य जारी है। इस प्रोजेक्ट के तहत गेट का निर्माण मानस खंड योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। यह योजना नयना देवी क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण है। मामले में लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि गेट का निर्माण कार्य जारी है और इसके पूरा होने के बादए यह मंदिर क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन जाएगा। इससे क्षेत्र की सुंदरता और भव्यता में भी वृद्धि होगी।



# गुरु गोविन्द सिंह जंयती के अवकाश के दिन भी पानी के बिल काउंटर खोलने का निर्णय

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल में जल संस्थान ने सोमवार को गुरु गोविन्द सिंह जंयती के अवकाश के दिन भी पानी के बिल काउंटर खोलने का निर्णय लिया ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सोमवार को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग सौ उपभोक्ताओं ने अपने पानी के बिल जमा किए।



जल संस्थान की क्लर्क प्रीति आर्या ने बताया गया कि 31 मार्च तक पानी के बिल काउंटर सप्ताहिक और राष्ट्रीय अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे। यह निर्णय उपभोक्ताओं को अंतिम तिथि तक बिलों का भुगतान करने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। इसके अतिरिक्त जल संस्थान ने यह भी स्पष्ट किया कि इस दौरान जमा किए गए बिलों पर कोई भी सरचार्ज नहीं लिया जाएगा जो पहले लगने की संभावना थी। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिली है और वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपने बकाया बिलों का भुगतान कर पा रहे हैं। नागरिकों ने इस पहल की सराहना की।

## दसवें गुरू गोविंद सिंह जी के 358वें प्रकाश पर्व पर कार्यक्रम



**नैनीताल ।** सरोवर नगरी नैनीताल में सिखों के दसवें गुरू गोविंद सिंह जी के 358वें प्रकाश पर्व के अवसर पर सोमवार को श्री गुरू सिंह सभा नैनीताल में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस विशेष अवसर पर स्त्री संगत की ओर से सुखमनी के पाठ हुए जिसके उपरांत अरदास की गई और अंत में गुरु का लंगर वरताया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने सिरकत की। सभा के अमरप्रीत सिंह ने बताया कि 12जनवरी को गुरूद्वारा में विशेष दीवान सजेंगे और गुरु के लंगर वर्ताए जाएंगे। इस दौरान जोगेन्दर सिंह आनंद, गगन दीप सिंह, अमरप्रीत सिंह, संदीप सिंह, जगजीत कौर तथा मंजीत कौर व जसवीर कौर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सूचना

मैं कि अर्मी नंबर IC-47155A रैंक कर्नल उमेश चन्द्र भट्ट पुत्र स्व0 श्री एनबी भट्ट निवासी धुनी नं. 1 कठघरिया जिला नैनीताल, मेरी पत्नी का मेरे आर्मी सेवा अभिलेखों में नाम मिनाक्षी भट्ट (MINAKSHI BHATT) अंकित है। और अन्य अभिलेखों में नाम मुन्नी भट्ट (MUNNI BHATT) अंकित है। मेरी पत्नी को दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है।

# नैनीताल के होटल में स्वर्ण आभूषण खोने पर हंगामा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में घूमने के लिए रामपुर से पहुंची महिला पर्यटक का सोने का झुमका होटल कमरे में खोने से हंगामा हो गया। कर्मचारियों से पूछताछ में सामने आया कि कर्मियों ने होटल में सफाई कार्य करने वाली महिला को झुमका दिया था। महिला पर चोरी का आरोप लगाते हुए पर्यटक कोतवाली पहुंच गए हालांकि झुमके की क्षतिपूर्ति करने की बात पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। जानकारी के मुताबिक रामपुर निवासी अकरम खान अपने स्वजनों के साथ घूमने के लिए नैनीताल आए हुए थे। यहां वह मल्लीताल स्थित एक होटल में ठहरे हुए थे। दोपहर में साथ में मौजूद महिला पर्यटक के कान का सोने का झुमका कमरे में गिर गया। कमरे में चादर बदलने पहुंचे कर्मचारी को झुमका मिला तो उसने सफाई कार्य करने वाली महिला को दे दिया। पर्यटक को छुमका खोने का अहसास हुआ तो वह होटल कर्मियों से इसकों लेकर पूछताछ करने लगी। इस बीच कर्मियों ने झुमका महिला सफाई कर्मी को देने की बात कबूली, मगर सफाई कर्मी झुमका फेंक देने की बात करने लगी। आपसी बातचीत से जब होटल में मामला नहीं सुलझा तो पर्यटक शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गए। पुलिस की सख्ती के बाद भी सफाई कर्मी ने चोरी की बात नहीं कबूलीए हालांकि आपसी बातचीत में वह झुमके की क्षतिपूर्ति को तैयार हो गई। मामले में कोतवाली के एसआई शंकर टम्टा ने बताया कि छुमके की कीमत अदा करने की बात पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

# गजराज ने जन संपर्क व नुक्कड़ सभाएं कर मांगे वोट

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने आज सर्वप्रथम युवा मोर्चा की बैठक में प्रतिभाग कर दिनभर हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 1 गौला बैराज , वार्ड 51 पीलीकोठी, वार्ड 50 गली नंबर 7 एवं वार्ड 9 आनंदपुरी में जन संपर्क एवं नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर अपने पक्ष में वोट मांगे ।

भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने आज दिन की ऊर्जा युवा मोर्चा के साथ भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में बैठक कर ली । उन्होंने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर उनमें जोश भरते हुए कहा निकाय चुनावों में युवाओं की



भागीदारी लोकतंत्र को सशक्त बनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है । उन्होंने कहा युवा मतदाताओं की सक्रियता यह संकेत दे रही है कि नई पीढ़ी न केवल अपनी समस्याओं के प्रति जागरूक है, बल्कि उनके समाधान में भी सक्रिय भूमिका निभाना चाहती है। मेयर प्रत्याशी गजराज बिष्ट ने लगातार बढ़ती युवा मतदाताओं की संख्या को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी बढ़ती रुचि कहा ।

उन्होंने कहा शिक्षित और तकनीकी रूप से कुशल युवा मतदाता अपने क्षेत्रों में पारदर्शिता, डिजिटल समाधान और विकास के लिए नए दृष्टिकोण लेकर आ रहे हैं। युवा मतदाता सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रहे हैं। डिजिटल कैंपेनिंग और ऑनलाइन चर्चाओं ने युवाओं को अपने विचार साझा करने और समर्थन जुटाने का मंच दिया है। बैठक मैं मौजूद संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा युवा मतदाताओं ने पारंपरिक राजनीति से हटकर मुद्दों पर आधारित राजनीति को बढ़ावा दिया है। आपकी भागीदारी ने समाज में नए नेतृत्व और सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगाई है। मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने युवाओं से उनकी राष्ट्रप्रथम की विचारधारा की मशाल जलाए रखने एवं ईमानदारी से क्षेत्र के विकास के लिए वचनबद्ध नेतृत्व चुनने का वादा लिया ।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट , प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा शशांक रावत , जिला महामंत्री रंजन बर्गली, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नीरज बिष्ट , प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा विपिन पांडे ,जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा कार्तिक हरबोला समेत भारी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।